हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक विविधता देश के विभिन्न भागों में बनने वाले वस्त्रों में झलकती है।आज पूरी दुनिया प्राकृतिक और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों के उपयोग के महत्व को समझ रही है। उन्होंने कहा कि भारत पर्यावरण संरक्षण अनुकूल फैशन की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।नई दिल्ली के भारत मंडपम में कल भारत टेक्स 2025 को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि

आज दुनिया फैशन और एनवायरमेंट और फैशन फॉर एंपावरमेंट के लिए इस विजन को अपना रही है। इस संबंध में भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। सस्टेनेबिलिटी हमेशा से भारतीय टेक्सटाइल की परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहा है। हमारी खादी, ट्राइबल टेक्सटाइल्स, नेचुरल डाइट का उपयोग यह सभी सस्टेनेबल लाइफस्टाइल के ही उदाहरण हैं।

श्री मोदी ने कहा है कि कपड़ा क्षेत्र में भारत का निर्यात वर्तमान में तीन लाख

करोड़ रुपये है । श्री मोदी ने कहा –

आज हम दुनिया के छठे सबसे बड़े टेक्सटाइल और अपरल एक्सपोर्टर है। हमारा टेक्सटाइल निर्यात 3 लाख करोड रुपए तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है 2030 तक हम इसे 9 लाख करोड रुपए तक लेकर जाएंगे। लेकिन आज जो मैंने वहां जो मिजाज देखा है, तो मुझे लगता है कि शायद आप मेरा आंकड़ा गलत सिद्ध कर देंगे और 2030 के पहले ही काम पूरा कर देंगे।

****

उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए और महाकुंभ मेले के दौरान अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से प्रयागराज जंक्शन तक चार नई महाकुंभ मेला विशेष रेलगाडियां शुरू की । उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि चार ट्रेनों में से एक आनंद विहार रेलवे स्टेशन से और बाकी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन रेलगाडियों के प्रस्थान का समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे

से रात्रि 9 बजे के बीच निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि कुंभ श्रृद्धालुओं के लिए कल पांच विशेष रेलगाडियां और चलायी जाएगी।

****

हरियाणा के 110 प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारियों के लिए कल चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी में एक वर्षीय प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री सूर्यकांत ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक निष्पक्ष कानूनी प्रणाली के आधार के रूप में न्यायिक सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने युवा कानूनी पेशेवरों को संविधान और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति के युग में न्यायिक अखंडता केवल एक गुण नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए एक आवश्यकता है ।न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि कानूनी प्रणाली की बेहतरी के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए सुलभ न्याय की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित किया और न्यायिक कार्यवाही में क्षेत्रीय बोलियों को शामिल करने का आग्रह किया।पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश-सह-चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी के संरक्षक मुख्य न्यायाधीश शील नागू ने निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

****

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस समिति ने आगामी नगर निगम चुनावों के लिए अपने प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने महापौर व अध्यक्ष के साथ-साथ विभिन्न वार्डों में पार्षद के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है।कांग्रेस ने फरीदाबाद नगर निगम में महिला आरक्षित सीट पर स्मृति लता रानी महापौर पद का प्रत्याशी बनाया है।हरियाणा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष उदय भान ने कहा है कि पार्टी सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर रही है और आगामी चुनावों में शानदार प्रदर्शन करेगी।

****

कैथल जिले के नौच गांव में आज सुबह सतलुज यमुना लिंक नहर में एक स्कूल बस गिरने से बस में सवार आठ बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए हमारे सवांददाता ने बताया कि इसके अलावा बस का चालक व महिला कंडक्टर भी गंभीर रूप से जख्मी हुए है। मिली जानकरी के अनुसार यह सड़क हादसा तब हुआ जब पेहोवा के एक स्कूल की बस कंडक्टर की पटरी से गुजरते समय कोई तकनिकी खराबी आने से संतुलन बिगड़ गया और वो नहर में जा गिरी पुलिस ने मुक्के पर पहुँच कर स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों व बस स्टाफ को बहार निकला। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

****